दिनांकः 24.08.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के '**मन की बात**' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट के 75वें स्थापना दिवस कार्यक्रमों के समापन समारोह में शिरकत करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हमारी धरती को दिन–प्रतिदिन कमजोर बना रहा है।

और

- प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश–आगामी दो दिनों में कोटा, उदयपुर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के '**मन की बात**' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह 113वीं कडी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर सुबह 11 बजे प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार वेबसाइट, न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल एप, आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जायेगा। आकाशवाणी जयपुर से सिंधी भाषा में मन की बात का अनुवाद प्रसारित किया जायेगा।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी जोधपुर में राजस्थान हाईकोर्ट के 75वें स्थापना दिवस कार्यक्रमों के समापन समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री कल विशेष विमान से जोधपुर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए एसपीजी और स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने उनकी यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रधानमंत्री उच्च न्यायालय के संग्रहालय की भी शुभारंभ करेंगे।

000

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम करोड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर तथा बड़े उद्योगों की आपूर्ति श्रृंखला बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। श्री गोयल ने आज नई दिल्ली में दसवें भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय एमएसएमई स्टार्ट अप प्रदर्शनी और सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि एमएसएमई बड़े उद्योगों और कारोबारियों के लिए उपभोक्ता और आपूर्तिकर्ता के रूप में काम करते हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई पर्यटन और बुनियादी ढांचा विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। श्री गोयल ने कहा कि सरकार गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के माध्यम से एमएसएमई की मदद कर रही है, जिससे उन्हें विदेशों से अनुचित प्रतिस्पर्धा से सुरक्षा मिलती है।

000

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन रही हैं। अन्नपूर्णा देवी आज बहरोड़ में आयोजित एक कार्यक्रम को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत की। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की मदद के लिए महिला हेल्पलाइन काम कर रही है। रेलवे स्टेशन और सड़क मार्ग पर भी सुरक्षा प्रणाली पर काम चल रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश के आठ प्रमुख शहरों में सुरक्षित शहर परियोजना चलाई जा रही है, जिससे शहरों में लड़कियों और महिलाओं को सुरक्षा मिल सके।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमारे जांबाज सैनिक देश के असली हीरो हैं। वे हमारी मातृभूमि के प्रहरी हैं। इन वीरों के अदम्य साहस और हौसलों के कारण ही 140 करोड़ देशवासी निश्चिन्त होकर रह रहे हैं। श्री शर्मा आज एक निजी चैनल के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने शहीदों की वीरांगनाओं और परिजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं।

000

थल सेना और वायुसेना का हेलीबोर्न ऑपरेशन आज फलौदी एयर बेस क्षेत्र पर सम्पन्न हुआ। इस दौरान दोनों सेनाओं के जवानों ने संयुक्त युद्धाभ्यास किया। इसमें दोनों सेनाओं के

जवानों ने हैलिकॉप्टर के जरिये मौके पर पहुंचकर दुश्मन को मार गिराया। हैलिबोर्न ऑपरेशन 22 अगस्त से शुरू हुआ था।

000

---

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हमारी धरती को दिन–प्रतिदिन कमजोर बना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए सार्थक प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने आज जयपुर के एसएमएस स्टेडियम से पर्यावरण सरंक्षण के लिए आयोजित साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए बदलाव की शुरूआत हमें स्वयं से ही करनी होगी।

श्री शर्मा ने कहा कि हम सबका यह सामूहिक दायित्व है कि हम पर्यावरण का संरक्षण करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाने और पर्यावरण के संरक्षण की अपील की। साथ ही उन्होंने सभी से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया ।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर में स्थापित होने वाले आयुर्वेद विश्वविद्यालय के लिए प्रस्तावित भूमि का आज निरीक्षण किया। उन्होंने जिला प्रशासन को महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के पास स्थित भूमि की पैमाइश के निर्देश दिए। श्री देवनानी ने इस सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ चर्चा की। आयुर्वेद विभाग की अतिरिक्त निदेशक मेघना चौधरी ने बताया की यहां पर नर्सिंग कॉलेज, उप निदेशक कार्यालय, विश्वविद्यालय सहित अन्य भवन बनाए जाने हैं।

000

प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई है। कई जगह हल्की से मध्यम बरसात हुई। मौसम केन्द्र जयपुर की रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा 13 सेंटीमीटर बारिश बांसवाड़ा जिले के भूंगड़ा में रिकॉर्ड की गई। इसके अलावा माउंट आबू में 12 सेंटीमीटर, कुशलगढ में 11, प्रतापगढ में 10, कपासन और धौलपुर में 9–9, रामगंज मण्डी में 8, झाडोल, डग, पीपलखूंट, जयपुर, लोहारिया, मनोहर थाना, मारवाड जंक्शन और देसूरी में 7–7 सेंटीमीटर बारिश हुई। जयपुर और आसपास के इलाकों में दिन में हल्की बरसात हुई। उधर जालौर जिले के जसवंतपुरा में लगातार 2 घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। इस दौरान क्षेत्र के सुंधा माता

मन्दिर में दर्शन करने गई गुजरात की एक महिला की पानी में बहने से मृत्यु हो गई। बाड़मेर जिले में कई जगह मध्यम से तेज पानी बरसा। वहीं झालावाड, भीलवाड़ा और पाली में शाम को तेज बरसात हुई। चित्तौडगढ़ में बारिश के बाद तीन छोटे बांधों पर चादर चल गई है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि आज कम दबाव का क्षेत्र मध्यप्रदेश के पूर्वी भागों के ऊपर स्थित है। इसके आगामी 24 घंटों में मध्य प्रदेश से होते हुए दक्षिण–पूर्वी राजस्थान की और आगे बढ़ने तथा और तीव्र होने की प्रबल संभावना है। इस तंत्र के प्रभाव से कोटा, उदयपुर और जोधपुर संभाग के कई स्थानों पर आगामी दो दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। कल कोटा और उदयपुर संभाग के जिलों में कहीं–कहीं अत्यन्त भारी बारिश होने के आसार हैं।

000

देश में चल रहे आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम में चित्तौडगढ जिले के निम्बाहेडा ब्लॉक ने दूसरा स्थान हासिल किया है। ये ब्लॉक राज्य स्तर पर पहले स्थान पर रहा है। नीति आयोग ने 2024 की रैंकिंग की घोषणा करते हुए बताया कि देश में उत्तरप्रदेश के श्रावस्ती जिले के जमुनहा ब्लॉक को पहला स्थान मिला है, जबकि राजस्थान के चित्तौडगढ जिले के निम्बाहेडा को दूसरा स्थान मिला है। दूसरा रैंक मिलने पर निम्बाहेडा को एक करोड़ रूपये की पुरस्कार राशि के साथ सम्मानित किया जायेगा। इस उपलब्धि के लिये विधायक श्रीचन्द कृपलानी ने जिला कलेक्टर और सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों और क्षेत्रवासियों को बधाई दी है।

000

भीलवाडा जिले में जिला कलेक्टर की पहल पर नवाचार के तहत नेत्र ज्योति अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग की ओर से जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर भामाशाहों के सहयोग से उन्हें मुफ्त चश्मे दिये जायेंगे। जिला कलेक्टर ने आज हमीरगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत सुवाणा ब्लॉक में लगभग पांच सौ बच्चो को मुफ्त चश्में दिये गये।

000

भरतपुर के उच्चैन क्षेत्र में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई। ये दुर्घटना कैमासी गांव के पास तेज रफ्तार कार द्वारा मोटरसाईकिल को टक्कर मारने से हुई। दोनों युवक भाई थे और उच्चैन से घरेलू सामान खरीदकर अपने गांव बेहरा रेखपुरा लौट रहे थे।

000

अजमेर रेल मण्डल ने यात्रियों के लिये टिकट खरीदने की प्रक्रिया को आसान कर दिया है। यात्री अब आरक्षित और अनारक्षित दोनों तरह के टिकट के भुगतान के लिये क्यूआर कोर्ड की सुविधा का उपयोग कर सकेंगे, साथ ही अन्य भुगतान भी डिजिटल कर दिए गए हैं।

000